卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 354 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦2 अक्टूबर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## शौर्य जागरण यात्रा का रुद्रपुर में जोरदार स्वागत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री राम मंदिर की स्थापना के लिए कई राम भक्तों ने अपने प्राणों को बलिदान किया है। सोलंकी ने आज किच्छा मार्ग पर रामलीला मैदान में शौर्य जागरण यात्रा के स्वागत के दौरान उपस्थित राम भक्तों को निमित्त उत्तराखंड में भी 19 सितंबर से 06 अक्टूबर तक बद्रीविशाल से प्रारंभ होकर हरिद्वार तक पूरे उत्तराखंड में शौर्य जागरण पुष्प वर्षा एवं आतिशबाजी करके बड़े ही हर्षोल्लास से स्वागत किया एवं एक विशाल जनसभा का आयोजन किया। संयोजक बजरंग दल अनुज वालिया, प्रांत सह मंत्री रणदीप पोखरिया, प्रांत संगठन मंत्री अजय, विभाग संगठन मंत्री





जिनकी कुर्बानियों के पश्चात अब श्री राम मंदिर बनने का सपना साकार हो रहा है। यह बात शौर्य जागरण यात्रा के मुख्य वक्ता विहिप क्षेत्र संगठन मंत्री सोहन सिंह संबोधित करते हुए कही। उन्होंने बताया कि पूरे भारतवर्ष के सभी प्रांतों में विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल द्वारा शौर्य जागरण यात्रा निकाली जा रही है। जिसके यात्रा निकाली जा रही है, जिसके रुद्रपुर प्रखंड में पहुंचने पर किच्छा रोड राम लीला मैदान भूतबंगला में विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल एवं रुद्रपुर वासियों ने शौर्य जागरण यात्रा विशाल जनसभा में विश्व हिन्दू परिषद के केन्द्रीय सहमंत्री स्नेहपाल, क्षेत्र संगठन मंत्री सोहन सिंह सोलंकी, प्रांत अध्यक्ष रवि देव आनंद, प्रांत उमाकांत, जिला अध्यक्ष रविन्द्रपाल सिंह का निर्देशन रहा। मंच संचालन जिलामंत्री राजेन्द्र सिंह मेहरा ने किया। कार्यक्रम संयोजक विश्वेंद्र (शेष पृष्ठ सात पर)

## जयंती पर महात्मा गांधी एवं शास्त्री जी को किया नमन

देहरादून/रूद्रपुर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वहीं, सीएम धामी गांधी पार्क पहुंचे और बापू की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि गांधी जी ने सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिए सबको प्रेरित किया। भारत को आजादी दिलाने के लिए उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि हमें अपने आचरण में अहिंसा का भाव जागृत करने के साथ ही मानवता के प्रति करूणा का भाव पैदा करना होगा। यही हमारी उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वहीं उन्होंने लाल बहादुर शास्त्री का स्मरण करते हुए





कहा कि उन्होंने जय जवान जय किसान का नारा दिया। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और पद्म विभूषण स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने इसमें जय विज्ञान को जोड़ा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसमें जय अनुसंधान जोड़कर नए भारत का नारा 'जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान और जय अनुसंधान' दिया है। कहा कि पूरे देश में 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक सेवा पखवाड़े के रूप में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वहीं राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सोमवार को राजभवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर उनके चित्रों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया। राजभवन के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में भातखंडे संगीत महाविद्यालय देहरादून, के कलाकारों द्वारा गांधी जी के प्रिय भजन– 'वैष्णव जन तो तैने कहिये जे पीर पराई जानि रे', 'श्री राम चन्द्र कृपालु भजुमन' तथा ''रघुपति राघव राजा राम'' की संगीतमय प्रस्तुति दी गयी। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने पूरी दुनिया के लिए सत्य और अहिंसा का मार्ग प्रशस्त किया है। उनके सत्य और अहिंसा के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं जिससे युवाओं को सीख लेने की जरूरत है। राज्यपाल ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को स्मरण करते हुए कहा कि उनकी सादगी व सरलता भरा जीवन हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। राज्यपाल ने कहा कि हमें इन महान विभूतियों से प्रेरणा लेकर विकसित एवं विश्व गुरु भारत के सपनों को साकार करने की दिशा में कार्य करना होगा। इस अवसर पर प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, विधि परामर्शी अमित कुमार सिरोही, अपर सचिव स्वाति एस. भदौरिया, उप सचिव एन.के. पोखरियाल, अनु सचिव जी.डी. नौटियाल, वित्त नियंत्रक श्रीमती तृप्ति श्रीवास्तव (शेष पृष्ठ सात पर)

## ट्रैक्टर की टक्कर से मामा भांजे की मौत

### सिडकुल थाना क्षेत्र में हुआ दर्दनाक हादसा

हरिद्वार(उद संवाददाता)। सिडकुल थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर ने एक बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मामा और भांजे की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी में भिजवा दिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, घटना रविवार देर शाम की है। रोहित पुत्र किशनलाल अपने मामा रवि कुमार पुत्र रामस्वरूप निवासी ग्राम मुगल माजरा जिला सहारनपुर के साथ मोटरसाइकिल से रसूलपुर जा रहे थे। रसूलपुर टोंगिया के पास पहुंचते ही अचानक एक ट्रैक्टर ट्राली ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों की मौत हो गई। थाना प्रभारी नरेश राठौर ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शवों को परिजनों के सुपुर्द कर दिए गए हैं। मृतक रोहित के भाई शुभम की शिकायत पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। चालक की तलाश की जा रही है।

## सर्पदंश से महिला की मौत

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। जहरीले सांप के डसने से महिला की मौत हो गयी। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में



लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत में पर्यावरण मित्र विजय पाल की पत्नी सीमा देवी बकरियों को घास खिला रही थी इसी दौरान जहरीले सांप ने हाथ पर डंस लिया। आनन फानन में महिला को झाड़ फूंक के लिए ले गए। महिला को समय पर इलाज नहीं मिल सका और उसकी मौत हो गई। मृतक की सूचना मिलते ही घर में परिजनों में कोहराम मच गया परिजनों का रो रो के बुरा हाल। मृतक महिला अपने पीछे तीन लड़कियां तीन लड़कों को रोता बिलखता छोड़ गई। मृतक महिला अपने पति के साथ शहर में साफ सफाई करती थी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## रामपुर तिराहा काण्ड की बरसी पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

देहरादून (उद संवाददाता)। रामपुर तिराहा गोलीकांड की 29वीं बरसी पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून स्थित शहीद स्थल कचहरी में उत्तराखण्ड



राज्य निर्माण आन्दोलन कारी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि पृथक राज्य उत्तराखण्ड के निर्माण हेतु अपना बलिदान देने वाले आंदोलनकारियों के प्रति हम सदैव कृतज्ञ रहेंगे, जिनके कठोर संघर्ष एवं शहादत के परिणाम स्वरूप ही हमें उत्तराखण्ड राज्य प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार राज्य आंदोलनकारियों के स्वप्न के अनुरुप उत्तराखण्ड के (शेष पृष्ठ सात पर)

## रिटायर्ड पुलिसकर्मी का एटीएम कार्ड बदलकर खाते से लाखों निकाले

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जवाहरनगर निवासी रिटायर्ड पुलिस कर्मी से एटीएम में रुपए निकालने के दौरान अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनका धोखाधड़ी से एटीएम कार्ड बदलकर खाते से लाखों रुपए निकाल लूटे जाने का मामला सामने आया है। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में लक्ष्मण सिंह पुत्र बैराग सिंह निवासी कृष्ण विहार कालोनी जवाहरनगर, नगला ने कहा है कि वह वर्ष 2022 में पुलिस विभाग से रिटायर होकर थाना पन्तनगर क्षेत्रान्तर्गत नगला जवाहनगर में निवास कर रहे है। उनकी नजर कमजोर है। 4 सितंबर सायं लगभग 6 बजे घर के निकट स्थितएटीएम से पैसे निकालने गया। अपने एटीएम कार्ड से कुल 11 हजार रुपए निकाले। एटीएम के दरवाजे पर खड़े अज्ञात व्यक्ति ने कहा अंकल आपका ट्रांजेक्सन कैंसिल नहीं हुआ है और उन्हें बातों में उलझाते हुए धोखाधड़ी करते हुए उनके एटीएम कार्ड को बदल दिया। लक्ष्मण सिंह का कहना है वह बैंक प्रणाली से पूर्ण तरह से वाकिफ नहीं है। उसे लगा कि उस व्यक्ति द्वारा अचानक से अन्दर आकर उसका गोपनीय पिन देख लिया। 7 अगस्त को उनकी पुत्री को रूपयों की जरूरत होने पर वह एटीएम कार्ड लेकर एटीएम गई। तो वहां एटीएम कार्ड ने काम नहीं किया। तब जानकारी हुई कि एटीएम कार्ड किसी ने बदल दिया है। उसके बाद मोबाईल के (शेष पृष्ठ सात पर)

## भतीजे की हत्या का आरोपी चाचा गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रायपुर में मामूली विवाद पर भतीजे की गोली मारकर हत्या करकेफरार हुए हत्यारोपी चाचा को काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त तमंचा भी बरामद कर लिया है। बता दें गत दिवस निकटवर्ती ग्राम रायपुर में बिजली की तार ठीक करने को लेकर चाचा भजीजे में विवाद हो गया था। जिसके बाद चाचा घर से तमंचा ले आया और उसने अपने भतीजे रजविन्दर उर्फ राजू के सीने पर तान कर फायर कर दिया था। तमंचे से निकली गोली राजू के सीने के आर पार हो गई। उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उस मामले में मृतक राजू के पिता तारा सिंह ने हत्यारोपी अपने भाई सुच्चा सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया था। जिसके बाद से ही पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी और उसे पकड़ने के लिए कुछ टीमों को संभावित स्थानों की ओर रवाना भी किया था। आखिरकार पुलिस की मेहनत रंग लाई और हत्यारोपी सुच्चा सिंह पुलिस ने लंबाखेड़ा के पास से गिरफ्तार कर लिया।उसकी निशानदेही पर तमंचा व कारतूस भी बरामद किया गया। पुलिस के मुताबिक हत्यारोपी के पास से सल्फास की भी डिब्बी मिली है। सल्फास कहा से खरीदी पुलिस इसकी जानकारी जुटा रही है। पकड़ने वाली टीम में कोतवाल विक्रम राठौर,एसएसआई कमाल हसन,एसएसआई अर्जुन गिरी गोस्वामी,एसआई मुकेश मिश्रा,हेड कांस्टेबल प्रमोद रावत,महिला कांस्टेबल ममता आर्या,किशन टम्टा, मोहन तिवारी आदि शामिल थे। विवेचना एसएसआई द्वितीय अर्जुन गिरी गोस्वामी कर रहे।

# नगर निगम में धूमधाम से मनाई गांधी और शास्त्री जयंती

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भूतपूर्व प्रधानममंत्री भारत रत्न स्व. लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती नगर निगम में धूम धाम के साथ मनाई गयी। इस दौरान मेयर रामपाल सिंह सहित नगर निगम के अधिकारियों कर्मचारियों एवं पार्षदों ने आयोजित कार्यक्रम में मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री देश की एक ऐसी महान विभूति थे जिन्होंने अपनी अद्वितीय क्षमताओं से देश को नई दिशा प्रदान की। महात्मा गांधी सत्य और अंहिसा के पुजारी थे उन्होंने देश को हैं। उन्होंने सत्य और अंहिसा का जो रास्ता दिखाया उसकी ताकत का अहसास पूरी दुनिया को है। भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डालते हुए मेयर रामपाल ने कहा कि शास्त्री जी एक ऐसी महान विभूति थे जिन्होंने अपनी अद्वितीय क्षमताओं से पर स्वच्छता लेख प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता एवं कला प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विभिन्न विद्यालयों के बच्चों एवं शिक्षकों को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर मेयर रामपाल सिंह के साथ मुख्य नगर आयुक्त नरेश चंद्र





दोनों महापुरूषों के चित्रों पर दीप प्रज्वलित कर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया और उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। मेयर रामपाल सिंह ने गांधी पार्क स्थित गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए । नगर निगम में गुलामी की जंजीरों से आजाद कराने में जो भूमिका निभायी उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देश के लिए जो त्याग और बलिदान दिया उसके लिए देश उनका हमेशा ऋणी रहेगा। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी जी के विचार आज भी प्रासंगिक न सिर्फ देश के प्रधान मंत्री पद को सुशोभित किया बल्कि वे वे भारतीय स्वाभिमान के प्रतीक बने। स्व. शास्त्री जी सही मायनों में गुदड़ी के लाल थे, जिन्होंने जय जवान-जजय किसान का नारा देकर देश के वीर सैनिकों व किसानों का मनोबल बढ़ाया।इस अवसर दुर्गापाल, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, सहायक नगर आयुक्त दीपक गोस्वामी, स्वास्थ्य अधिकारी हर्ष पाल सिंह चंडोक, कपूर सिंह, कुलदीप कुमार, गिरीश शर्मा, अमित कपूर, एम.सी पाण्डेय, उमेश पंत, शुभम पाल सहित नगर निगम के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# रंगारंग कार्यक्रमों के साथ मनाई गांधी व शास्त्री जयंती

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जाफरपुर स्थित तराई श्री सनातन धर्म पूर्व माध्यमिक कन्या विद्यालय भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के महानायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर धूमधाम से मनाई गयी। इस अवसर पर विद्यालय में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने ध्वजारोहण किया और गांधी जी एवं शास्त्री जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विद्यालय में छात्र एवं छात्राओ ने रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। इस अवसर



पर भाजपा प्रदेश मंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी जी ने सत्य और अंहिसा के रास्ते पर चलकर देश के लिए जो योगदान दिया उसे कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री सभी के दिलों में आज भी जिंदा है। इस अवसर पर प्रधानाध्यपपिका श्रीमती ममता कला, प्रबंधक सुरेंद्र कुमार बत्रा, रुपेश कुमार अरोड़ा ,संरक्षक राजेंद्र कुमार बत्रा, सुभाष बत्रा अध्यक्ष श्रीमती कल्पना गोस्वामी, सहायक अध्यापिका मीनाक्षी सिंह ,सहायक अध्यापक गौरी शंकर,आयुष,छत्रेश वर्मा आदि भी मौजूद थे।

# महात्मा गाँधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई

किच्छा( उद संवाददाता)।भारत की दो महान विभूतियां राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी और स्व० लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्मदिन के उपलक्ष में नगर मे कोली, कोतवाली मै प्रभारी धीरेन्द्र कुमार ने ध्वजा रोहण किया। वहीं कांग्रेस जनों ने किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ के कार्यालय में एकत्रित होकर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी अमर रहे, लाल बहादुर शास्त्री अमर रहे के नारे लगाये व उनके पद चिन्हों पर चलने का प्रण लिया।इस मौके पर किच्छा कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अहम भूमिका निभाई। गांधी जयंती हमें याद दिलाती है कि विपरीत परिस्थितियों में भी सत्य और अहिंसा का मार्ग हमें बेहतर भविष्य की और ले जा सकता है। कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी, ओमप्रकाश दुआ, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सिमरनजीत कौर,जगरूप सिंह गोल्डी, जीवन सद् भाव एवं अहिंसा के पुजारी, भारत को अंग्रेजों की गुलामी से आजादी दिलाने वाले महान व्यक्तित्व, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती पर आवास विकास





सरकारी गैर सरकारी,अर्ध सरकारी, तमाम स्कूलों में ध्वजा रोहण कर दोनो भारत की महान विभूतियों को याद किया गया। उप जिलाधिकारी कार्यालय मै उप जिलाधिकारी कोस्तुभ मिश्रा, तहसील प्रांगण मे तहसीलदार गिरीश त्रिपाठी, नगरपालिका मै अध्यक्ष दर्शन सिंह महात्मा गाँधी जी और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व० लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती हर्षोल्लास से मनाई । इस अवसर पर दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर फूलों की माला पहनाकर तथा फूल चढ़ाकर उनको स्मरण किया व मिस्ठान वितरण किया। उपस्थित सभी कांग्रेसजनों ने भूपेन्द्र चौधरी और विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ ने महात्मा गांधी को याद करते हुए कहा कि गांधी जी जिन्हें भारत में राष्ट्पता के रूप में जाना जाता है सत्य, अहिंसा और समाजिक न्याय के प्रतीक थे द्य गाँधी जी ने अहिंसा का मार्ग अपनाते हुए देश को आजादी दिलाने में अपनी इस मौके पर किच्छा नगर अध्यक्ष दर्शन कोली और कांग्रेस कमेटी ब्लाक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी ने लाल बहादुर शास्त्री जी को याद करते हुए कि भारत के दूसरे प्रधानमंत्री और भारत रत्न से सम्मानित लाल बहादुर शास्त्री जी का योगदान देश के प्रति भुलाया नहीं जा सकता उन्होंने आजादी के बाद देश के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए देश हित में बहुत से निर्णय लिए । इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, किच्छा कांग्रेस जोशी,लियाकत अंसारी, मोहम्मद आरिफ, सुनीलठाकुर, हरभजन सिंह, मिसबाउल कुरेशी, धर्मेंद्र सिंधी, अशोक मित्रा, नितिन शर्मा, बलविंदर सिंह, आरती, मीना देवी, एन यू खान, ताहिर मलिक, राजकुमार कश्यप,प्रवीण सेन, अनिल कुमार,अर्जुन कोली आदि लोग उपस्थित रहे। दूसरी तरफ कांग्रेस के प्रदेश सचिव संजीव कुमार सिंह एवं राहुल गांधी युवा बिग्रेड पूर्व सचिव ने आज गांधी जयंती के अवसर पर सत्य, त्याग, न्याय, किच्छा में पहुँच कर महात्मा गांधी पार्क में राष्ट्रपिता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको याद किया। श्री सिंह नें लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि सभी अहिंसा, सत्य, त्याग व न्याय के सिद्धांतों के अनुसरण का प्रण लें ।इस मौके पर कांग्रेस के पूर्व नगर अध्यक्ष अरुण तनेजा, राहुल गांधी यूथ ब्रिगेड के पूर्व सचिव बंटी पपनेजा, कमलेश कुमार दुबे, दर्शन हिन्दुस्तानी, जाकिर, रमेश गंगवार, शिवा, रमेश पाल, हिन्द कुमार भाटिया आदि लोग उपस्थित रहे।

# भाजपाईयों ने गांधी जी को किया नमन

किच्छा(उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कार्यकर्ताओं के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर गांधी पार्क आवास विकास किच्छा में उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि कहा कि हमें अपने आचरण में अहिंसा का भाव जागृत करने के साथ ही मानवता के प्रति करूणा का भाव पैदा करना होगा। यही हमारी उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल दौरान मंडल अध्यक्ष मनमोहन सक्सेना, देवेंद्र शर्मा, राजेश कोली, राजकुमार कोली, नितिन चरण वाल्मीकि, गोल्डी गोराया, आशीष तिवारी, प्रकाश पंत, जितेंद्र गौतम, उमाशंकर रस्तोगी, राजकुमार कालरा, राजेश कश्यप, नंदलाल यादव, राजीव



दी। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिए सबको प्रेरित किया। भारत को आजादी दिलाने के लिए उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बहादुर शास्त्री का भी स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने जय जवान जय किसान का नारा दिया। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और पद्म विभूषण श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने इसमें जय विज्ञान को जोड़ा। भारद्वाज, प्रकाश पंत, पूरन भट, गिरीश वर्मा, आरती दुबे, मधु गुप्ता, रवीना गंगवार, इस्त्याक अहमद,अमित कश्यप, चंदन जायस वाल, सचिन चरण वाल्मीकि, पूर्व ग्राम प्रधान भंगा गौरी शंकर उपस्थित थे।

# 19वें एशियाई खेलों में भाग लेने जु-जित्सू टीम दिल्ली से हुई रवाना

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। चीन के हाँगझोऊ शहर में चल रहे 19वें एशियन गेम्स 2023 में हिस्सा लेने के लिए भारतीय जु-जित्सू टीम दिल्ली से चीन के लिए रवाना हो गई।जिला जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के महासचिव ऋषि पाल भारती ने दिनेशपुर के निवासी कमल सिंह सहित भारतीय जुख्रजित्सू टीम के मुख्य कोच के रूप में हल्द्वानी निवासी विनय कुमार जोशी भारतीय ओलंपिक संघ के दल में शामिल हैं। जोकि जुख्रजित्सू खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। और आगे महासचिव भारती ने बताया कि नव्या स्पोर्ट्स स्टेडियम, नई दिल्ली में खिलाडियों का स्वागत किया। इस अवसर पर उत्तराखंड मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ट्विटर के माध्यम से जु-जित्सू खिलाड़ियों को बधाई देते हुए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की है। और उन्होंने कहा कि समस्त प्रदेश वासियों



जानकारी देते हुए बताया कि ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया ( ओ.सी.ए) एवं चीन सरकार द्वारा होंगझाऊ शहर में आयोजित हो रहे 19वें एशियाई खेलों 2023 में 13 सदस्यीय भारतीय जु-जित्सू दल में उत्तराखंड राज्य के दो खिलाड़ी व कोच भारत देश का प्रतिनिधत्व कर रहे है। टीम में हल्द्वानी शहर की नव्या पांडे एवं रामकोट नंबर छह, पांडेय एवं कमल सिंह वर्तमान में इंडोनेशिया में मशहूर ब्राजीलीयन कोच के निर्देशन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। टीम के मुख्य कोच विनय कुमार जोशी के साथ सभी 11 खिलाडियों का दल रविवार को दिल्ली से चीन के लिए रवाना हो गया है। इससे पूर्व भारतीय ओलंपिक संघ व स्पोर्टस अथॉरिटी ऑफ इंडिया के द्वारा जवाहर लाल नेहरू को आप पर पूरा विश्वास है कि आप सभी उत्कृष्ट प्रर्दशन कर राज्य का नाम रोशन करेंगे। एवं उत्तराखंड स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट के स्पोर्ट्स डायरेक्टर जितेंद्र सोनकर, स्पोर्ट्स सेक्रेट्री अभिनव कुमार, सहायक निदेशक राशिका सिद्दीकी, सहायक निदेशक युवा कल्याण नीरज गुप्ताः द्वारा संयुक्त रूप से खिलाड़ियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुभकामनाएं दी।

# महिला ने टुकटुक चालक पर लगाया पुत्र को गायब करने का आरोप

किच्छा(उद संवाददाता)। गरीब महिला ने पुलिस से अपने लापता पुत्र को बरामद करने की गुहार लगाते हुए थाना



पुल भट्टा में तहरीर देकर टुक टुक चालक पर अपने पुत्र को गायब करने का शक जाहिर किया है। थाना पुल भट्टा में पुलिस को तहरीर देते हुए गरीब महिला परवीन पत्नी साजिद अली ने कहा कि उसका पुत्र दानिश (22) जो कि मंदबुद्धि है। वार्ड नंबर 19 सिरौली कला अपने नाना के घर से 10 सितंबर को बाहर गया था तब से वापस नहीं लौटा तथा लापता है। महिला ने बताया कि काफी खोजबीन के बाद पता चला है कि सिरौली कला निवासी टुक टुक चालक छोटे के साथ देखा अन्तिम बार देखा गया था। महिला का आरोप है कि उसने टुक टुक चालक छोटे से अपने लापता पुत्र के बारे में जानकारी चाही तो वह टाल मटोल कर रहा है तथा वह कह रहा है कि उसके पुत्र को लेकर किच्छा नगर में छोड़ दिया था। महिला का शक है कि कहीं टुक टुक चालक छोटे ने उसके पुत्र के साथ कोई अनहोनी न कर दी हो।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159
100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# जयंती पर गांधी-शास्त्री का किया भावपूर्ण

काशीपुर( उद संवाददाता)। गांधी शास्त्री जयंती के मौके पर यहां सरकारी अर्द्ध सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानो, सामाजिक व्यापारिक व राजनैतिक संगठनों के कार्यालयों में महापुरुषों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के मौके पर क्षेत्र में तमाम स्थानों पर विभिन्न कार्यक्रमों के भी आयोजन किया जा रहे हैं। समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी संगठन जनजीवन उत्थान समिति द्वारा जगदीश प्रेरणा भवन में राष्ट्र पिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया जिसका मुख्य विषय था शन्ति व अहिंसा के



प्रतीक महात्मा गांधी का चिंतन व लाल बहादुर शास्त्री का नवभारत के बारे में चिंतन। इस मौके पर बोलते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि राष्ट्र पिता महात्मा गांधी सर्व पंथ संभाव पर विश्वास रखते थे उन्होंने भारत को स्वतंत्र कराने का बीड़ा उस समय उठाया, जब भारत मां अंग्रेजी की दासता की बेदी में तड़प रही थी।पूरा देश गुलामी की ज्वाला में प्रज्वलित हो रहा था तभी भारत के लोगो के उत्थान के लिए व देश को आजाद कराने के लिए राष्ट्र पिता महात्मा गांधी स्वर्ग से धरती पर 2/10/1869 अवतरित हुये। उन्होंने सत्य ,अहिंसा और करुणा के मार्ग को अपनाया। और अपने जीवन के सभी स्वर्णिम दिन देश की आजादी के लिऐ लगा दिए। जिस कारण आज हम स्वतंत्रता से जीकर और उनके मार्ग पर चलकर देश को आगे बढ़ा रहे हैं।गांधी जी का एक लक्ष्य था की स्वच्छ और स्वस्थ भारत हो,तथा विश्व में सभी मानव समान हो। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्म एक बहुत ही निर्धन परिवार में हुआ था उन्हें नदी पार कर शिक्षा ग्रहण करने जाना होता था,उस वीर सपूत ने जय जवान जय किसान का नारा देकर देश को विश्व में गौरवान्वित किया तथा भारत के निर्माण में अहम भूमिका अदा की।आज इन दोनो महामानवो को स्मरण कर देश को आगे बढ़ाने का संकल्प लेना चाहिए। गोष्टी में बच्चो को मिष्ठान वितरण किया गया।इस मौके पर भास्कर त्यागी देवांग मिश्रा सैय्यद आसिफ अली, रहीस अहमद,जहांगीर आलम, अमृत पाल सिंह, नवजोत सिंह, अंकित चौधरी,सीमा शर्मा, संजीव कुमार, पंकज कश्यप आदि लोग उपस्थित थे।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

बिकाऊ है
करतार पुर रोड पर बेहत फार्म स्थित 22 एकड़ कृषि भूमि।
घर,गोदाम,पार्किंग शैड, ट्यूबवैल आदि मौजूद
सम्पर्क करें:
09815123221, 09779777117



# टीपी नगर में चलाया स्वच्छता अभियान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गांधी जयंती के उपलक्ष में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत ट्रांसपोर्टनगर व्यापारी एसोसिएशन द्वारा टीपीनगर क्षेत्र में स्वच्छता अभियान की शुरू की गई। इस दौरान टीपीनगर क्षेत्र के आसपास की गंदगी को साफ किया गया और सड़क के दोनों ओर नगर निगम के पर्यावरण मित्रों के सहयोग से लोगों द्वारा फैलाई की गंदगी को साफ करने का काम किया। इस मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरजीत सिंह सेठी ने कहा कि यह अभियान दो अक्टूबर



तक चलेगा। इस साल के स्वच्छता ही सेवा अभियान की थीम कचरा मुक्त भारत है। महामंत्री प्रदीप सब्बरवाल ने कहा कि एसोसिएशन द्वारा राष्ट्र पिता महात्मा गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए कचरा मुक्त भारत बनाने के लिए विभिन्न जगहों पर सफाई अभियान चलाया गया। इस मौके पर ट्रांसपोर्टनगर व्यापारी एसोसिएशन यातायात प्रभारी गिरीश चन्द्र भट्ट, इन्द्र भुटियानी, चन्द्रशेखर पांडे, हाजी नफीस, जसपाल मालदार, ममता, शिवा, कनेडी सचदेवा, गोल्डी नागपाल, मनजीत नागपाल, रंजीत, पंकज बोहरा, पवन, अंकित, आदेश आदि लोग मौजूद थे।

# नवनिर्मित नगर पंचायत कार्यालय का पाण्डे ने किया लोकार्पण

गूलरभोज( उद संवाददाता)। राज्य योजना से एक करोड़ की धनराशि से बने नवनिर्मित नगर पंचायत कार्यालय भवन का विधायक अरविंद पांडे ने लोकोपण किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के विकास में धन की कमी नहीं आने दी जाएगी पर्यटन के लिहाज से महत्वपूर्ण कई सड़कों के निर्माण के प्रस्ताव भेजे जा चुके हैं जल्द ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा भ्रष्टाचार रहित विकास कार्यों में उन्होंने चेयर पर्सन अनीता दुबे की सराहना की। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता तिलक राज गंभीर,भाजपा नेता अतुल पांडे, भाजपा



नगर अध्यक्ष तरुण दुबे, संजीव भटेजा, रमेश सागर, डॉ कुलदीप रघुवंशी, नंदन सिंह कोश्यारी, गुरमेल सिंह, भूपेंद्र आर्य ,गोविंद राजभर, नरेश कुमार, संजीव कुमार गुप्ता, पूनम आर्य, निर्मला देवी, दीपा चुफाल, इंदिरा गढ़िया आदि लोग उपस्थित थे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर पार्क में चलाया स्वच्छता अभियान

गदरपुर (उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर चल रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी मंडल गदरपुर द्वारा ब्लॉक कॉलोनी तथा अंबेडकर पार्क में स्वच्छता अभियान चला कर भारत देश को स्वच्छ रखने



का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश के उपाध्यक्ष नरेश भैया, राजेश मिनी,अरविंद पाल,हरीश रल्हन,गुलशन शर्मा,सतीश मुद्दा,रेनू बिष्ट,राजबाला चौहान,अनीता शाह,सूरज गुप्ता,डॉक्टर राजकुमार मिगलानी,पंकज सेतिया, विजय कश्यप,संदीप बत्रा आदि सहित थे।

# चिकित्सा कैंप में सैकड़ों लोगों ने कराई जांच

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सुभाष कालोनी में मेडिमा अस्पताल द्वारा आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ शिविर सैकड़ों लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। शिविर डा. आरिफ रासूल (सर्जन) द्वारा अपने सहयोगी अब्दुल गफुर व अध्यक्ष इसरार अहमद द्वारा मदरसा गरीब नवाज पब्लिक स्कूल में लगाया गया। जिसमें लोगों को परामर्श,



दवाईया व पैथो जाचें नि:शुल्क प्रदान की गई। डा० आरिफ रसूल ने बताया कि आँत, पत्थरी, टूमर, पाईल्स, भगन्दर आदि बीमारियों का गलत रहन सहन खान - पान अत्यधिक तनाव ग्रस्त जीवन शैली की उपज है। उन्होंने बताया कि अगर हम प्राकृतिक रहन सहन को महत्व देगे तो इन बीमारीयो को रोका जा सकता है।कैम्प में डा. रुखसाना परवीन, डा. रिजवान व डा नोशी ने सैकड़ो रोगियों को परामर्श दिया और नि:शुल्क दवा वितरित की।

# समाजसेवी गोनियां को मिली धमकी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। समाजसेवी हेमंत गोनिया को सरकारी विभाग के एक कर्मचारी द्वारा भ्रष्टाचार का खुलासा करने पर धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। मामले की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। जिसमें कहा गया है कि एक सहायक लिपिक विगत वर्षों से ट्रांसपोर्ट नगर पर कार्यरत थे। इनके द्वारा वहां पर भ्रष्टाचार किया गया। जिसका खुलासा आरटीआई में उनके लगातार किया जा रहा है। मामले में आरोपी को सूचना आयुक्त ने सूचना आयोग से कारण बताओं नोटिस भी मिला और आयुक्त ने इन पर जुर्माना भी लगाया। उनके गलत कामों की वजह से इन्हें ट्रांसपोर्ट नगर से हटा दिया गया। हेमंत का आरोप है कि आरोपी व्यक्ति ने एक अक्टूबर को दिन में उन्हें चार बार कॉल की और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद से उन्हें जान माल का खतरा बना हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# स्वच्छता के लिए श्रमदान व सेवा ही सर्वोपरि: मुस्कान

गदरपुर (उद संवाददाता)। नेहरू युवा केंद्र उधम सिंह नगर द्वारा जिला युवा अधिकारी आशीष पाल के निर्देशन पर विकासखंड गदरपुर की राष्ट्रीय युवा




स्वयंसेवक मुस्कान चावला द्वारा स्वच्छता के लिए श्रमदान व स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत पंचायत भवन ग्राम-आदर्श नगर, ग्राम-पंचायत धनपुर विजयपुर में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पंचायत भवन के साथ हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर और ग्राम के आसपास के क्षेत्र की तरह सफाई की गई व ग्राम वासियों को अपने आसपास स्वच्छता रखने के लिए जागरूक किया गया । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आहवान पर पूरे देश में स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जा रहा है जिसके तहत सभी सार्वजनिक स्थानों पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा पूरे देश को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया गया था,जिसे हम सभी मिलकर पूरा करेंगे । कार्यक्रम में कल्पना चावला युवा क्लब अध्यक्ष तनीषा चावला ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छ भारत मिशन देशभर में व्यापक तौर पर राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में शुरू किया गया यह सभी का कर्तव्य है कि हम अपने देश को स्वच्छ बनाने में अपना पूर्ण सहयोग दें। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान गीता मलिक ने ग्रामवासियों को जागरुक करते हुए कहा कि सभी ग्राम वासियों को अपने आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिए और अपने देश व ग्राम को स्वच्छ बनाए रखने के लिए सामूहिक रूप से प्रयास करना चाहिए।कार्यक्रम में जेई सहायक दुलाल कुमार वैद्य, एएनएम कंचन रानी, सीएचओ ममता जोशी,आशा कार्यकर्ती वंदिता व ग्राम वासियों का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ ।

# क्रॉस कंट्री दौड़ में खिलाड़ियों ने लगाया जोर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। खेल निदेशालय, उत्तराखण्ड देहरादून के सौजन्य से एवं जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में गाँधी जयन्ती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयन्ती एवं स्वच्छता कार्यक्रम के शुभ अवसर पर आज स्पोर्ट्स स्टेडियम में अण्डर-16 आयु वर्ग के बालक, बालिका एवं ओपन आयु वर्ग बालक, बालिका की क्रास कन्ट्री रेस का आयोजन प्रात: किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि बीएस रावत, जिला युवा कल्याण एवं प्रा.र.द. अधिकारी ने क्रास कन्ट्री रेस का शुभारम्भ हरी झण्डी दिखाकर किया। प्रतियोगिता के संचालक सुरेश बिष्ट, सहा. प्रशि., रघुवीर सिंह विर्क, हरीश राम थे। प्रतियोगिता का समापन मुख्य अथिति द्वारा किया गया तथा खिलाड़ियों को दो वचन शुभार्शीष के दिये गये साथ ही स्वास्थ्य के महत्व को भी समझाया गया। जिसमें डा. हरिमोहन आर्या द्वारा भी खिलाड़ियों को सुन्दर गीत गाकर खिलाड़ियों एवं कार्मिकों का उत्साहवर्धन किया गया। क्रास कन्ट्री प्रतियोगिता में लक्ष्मण सिंह टाकुली, श्रीमती ममता बोहरा, श्रीमती सुधा जोशी, मो. आमीर, मो. सलीम, नवनीत राव, गोविन्द परिहार, कैलाश सिंह, धीरज जोशी, अनिल कुमार, महेन्द्र कुमार, गोपाल राम, चम्पा आदि उपस्थित थे। अंत में जिला क्रीड़ाधिकारी गिरीश कुमार ने सबका आभार व्यक्त किया।






# फुटबॉल मैच में रामपुर की टीम विजयी घोषित

## स्व.विशाल स्वर्णकार की स्मृति में यूनाइटेड कप 2023 का आयोजन

गदरपुर/दिनेशपुर(उद संवाददाता)। यूनिक फुटबॉल सोसाइटी रामबाग दिनेशपुर के नेतृत्व में विशाल फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। विगत दिनों से चल रहे फुटबॉल टूर्नामेंट में क्षेत्र व अन्य प्रदेशों की टीमो द्वारा टूर्नामेंट में प्रतिभाग किया गया ।टूर्नामेंट के विशाल आयोजन के फाइनल मैच में बड़ी-बड़ी योजनाएं लेकर आ रही है इतना ही नहीं प्रदेश सरकार द्वारा अब खिलाड़ियों के लिए सरकारी नौकरी का भी शासनादेश जारी कर दिया है।जिस से हर खिलाड़ी के उज्ज्वल भविष्य का रास्ता खुल रहा है। क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडेय द्वारा विजयी टीम को शुभकामनाएं देते हुए खिलाड़ियों के 16 टीमो को बधाई देते हुए खिलाडियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। फाइनल मैच में विजेताओं को स्मृति चिन्ह देते हुए मैन ऑफ द मैच पिंटर,मैन ऑफ द सीरीज योगी को बधाई दी।वही रामबाग निवासी युवा समाजसेवी संजीव कुमार ने समस्त खिलाड़ियों को जीत की बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की





रामपुर उत्तरप्रदेश व शक्तिफार्म की टीम के बीच जोरदार मैच खेला गया। टूर्नामेंट के फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में पहुचे क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व खेल मंत्री अरविंद पांडेय ने दर्शकों के बीच बैठकर फुटबॉल मैच का भरपूर आनन्द उठाया। विधायक अरविंद पांडे ने उपस्थित खिलाड़ियों एवं जनता को संबोधित करते हुए कहा आज प्रदेश सरकार खेलकूद के विषय को गंभीर रूप से देखते हुए खिलाड़ियों के लिए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। रामपुर व शक्तिफार्म के रोमांचक फुटबॉल मैच में रामपुर की टीम विजयी घोषित हुई।यूनिक फुटबॉल सोसाइटी रामबाग के बैनर तले हुए टूर्नामेंट में 16 टीमों ने प्रतिभाग किया।जिसमें फाइनल मैच रामपुर ने जीता। सोसाइटी के अध्यक्ष बृजेश बल्लिक उपाध्यक्ष नंदू मल्लिक, सचिव सूरज मंडल,कोषाध्यक्ष विधानमजूमदार ने टूर्नामेंट में विजयी टीम रामपुर व प्रत्येक दिन प्रतिभाग कर रही कामना की । इस दौरान दिनेशपुर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि हिमांशु सरकार, टूर्नामेंट के रेफरी नित्यानंद मंडल सूरज मंडल लाइनस मां कनिष्क सरकार राहुल मलिक राजा गांगुली मोहित सरकार कॉमेंटेटर जय सरकार धर्मेंद्र पांडे कार्यकर्ता संजीव सरदार, कारण सरकार, रोहित बाछाड,पवन मल्लिक, विश्वराज डाली ,प्रभाश सरकार, सहित सैकड़ो की संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# जैन मंदिर में धूमधाम से मनाया क्षमावाणी पर्व

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जैन बंधुओं ने श्री अदिश्वर दिगंबर जैन मंदिर आदर्श कॉलोनी रूद्रपुर में क्षमावाणी पर्व धूमधाम से मनाया मनाया । इस अवसर पर अमित जैन लोहिया बताया कि हर जाती है। ना चाहते हुए भी किसी भी जीव दिल दुखाया गया हो उसके पापों का क्षय करने हेतु प्रभु से क्षमा माँगते हैं । अपने रिश्तेदारों से क्षमा माँगते हैं। अपने मित्रों से क्षमा माँगते हैं । संसार मंदिर जी में गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। सभी धर्मप्रेमी बंधुओं ने अपने अपने शब्दों में समाज के प्रत्येक वर्ग से क्षमा याचना की। इसके पश्चात पालकी यात्रा भी निकाली गई। पालकी गई। उसके पश्चात सभी के लिए भोजन की व्यवस्था मंदिर की धर्मशाला में अविनेश जैन के परिवार द्वारा की गई थी। इसमें अमरनाथ जैन,जयभगवान जैन ,विपिन जैन,पारस





वर्ष दशलक्षण धर्म के पश्चात क्षमावाणी पर्व मनाया जाता है। क्षमावाणी का अर्थ है 'क्षमा माँगना क्षमा करना । कहा कि गत वर्ष में हमारे द्वारा किये गये कार्यों में जाने अनजाने में गलती हो जाती है। जीव हिंसा हो में जितने भी जीव है उन सबसे क्षमा माँगते हैं और उन सब को क्षमा भी करते हैं। भगवान महावीर ने कहा है कि 'क्षमा वीराशय भूषणम'अर्थात क्षमा माँगना और क्षमा करना दोनों ही वीरों के आभूषण हैं। इसी उपलक्ष में यात्रा में जिनेन्द्र की वाणी जनवाणी विराजमान की गई। बैंड-बाजे के साथ मंदिर जी से प्रारंभ होकर भगवान महावीर वाटिका की परिक्रमा करते हुए मंदिर जी में समापन हुई। जिसमें जैन बंधुओं द्वारा नृत्य एवं आरती की जैन,आलोक जैन, संचय जैन,संजय जैन,अनुज जैन,पीयूष जैन ,प्रेम जैन डॉ आर सी जैन,अशोक जैन,संजीव जैन,सारिका जैन,अनुराधा जैन,स्वाति जैन, रुचि जैन रेणु जैन,उषा जैन, गुणमाला जैन,भक्ति जैन आदि उपस्थित रहे ।

# बराड़ नगर विकास समिति की नवीन कार्यकारिणी हुई गठित

## गजेंद्र अध्यक्ष, हरविंदर महामंत्री व हरजीत कोषाध्यक्ष बने

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। फाजलपुर महरौला, बराड़ नगर विकास समिति की कार्यकारणी का एक वर्ष पूर्ण होने पर बराड़ नगर कॉलोनी के सभी सदस्यों की संरक्षक कर्नल आदरणीय गुरुदेव सिंह की अध्यक्षता में खुली सभा का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलोनी के विकास कार्यों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई एवं निवर्तमान अध्यक्ष गजेंद्र प्रजापति द्वारा बीते एक वर्ष की आय व व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात सर्व सहमति



से नवीन कार्यकारणी का गठन किया गया। जिसमें गजेंद्र प्रजापति को पुन: अध्यक्ष, हरविंदर सिंह विर्क को पुन: महामंत्री, हरजीत सिंह खुराना को कोषाध्यक्ष एवं अमर सिंह, डीएन शर्मा, अमरजीत (रिंकू) चीमा, गणेश विष्ट, कर्मवीर सिंह रंधावा, लखविंदर सिंह को उपाध्यक्ष व हरविंदर सिंह को ऑडिटर नियुक्त किया गया। इस अवसर पर रामेंद्र सिंह चौधरी, नवाब सिंह शाही, राजीव सक्सेना, एड. केडी मिश्रा, अनिल सक्सेना, लखविंदर सिंह चहल, विमल गुप्ता, मलूक सिंह, मनोज सक्सेना, अशोक कुमार, केएस कंबोज आदि लोग उपस्थित रहे।

# जी.डी. गोयंका स्कूल ने चलाया स्वच्छता अभियान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जी. डी. गोयंका पब्लिक स्कूल ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन के अनुरूप, स्वच्छता के लिए श्रमदान-स्वैच्छिक श्रम का आयोजन किया। इंटरैक्ट क्लब के सदस्यों और स्कूल संसद सदस्यों के साथ शिक्षक महात्मा गांधी की जयंती का सम्मान करने के लिए एकजुट हुए। टीम दो समूहों में बंट गई और रुद्रपुर और बिलासपुर में अपना शतप्रतिशत श्रमदान दिया। अपने सामूहिक प्रयासों के माध्यम से उन्होंने स्वच्छ भारत के दृष्टिकोण को साकार किया, जिसमें महात्मा गांधी द्वारा समर्थित एकता और सेवा के सिद्धांतों को शामिल किया गया, क्योंकि उन्होंने स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण के लिए अथक प्रयास किया। इस अवसर पर विद्यालय के कॉर्डिनेटर व समस्त शिक्षकगण तथा नगरपालिका अध्यक्ष चित्रक मित्तल की उपस्थिति बनी रही।



# ग्राम मलसी में चलाया स्वच्छता अभियान

किच्छा(उद संवाददाता)।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत ग्राम मलसी में में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्थानीय जनता एवं कार्यकर्ताओं के साथ श्रमदान किया। इस अवसर पर ग्रामीण मंडल महिला अध्यक्ष दीपा राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हर व्यक्ति स्वच्छ भारत अभियान में जुड़कर इसे जनआंदोलन का रूप दे रहा है। जल्द वह दिन आएगा जब भारत हमारा विश्व का सबसे अधिक स्वच्छ भारत और सर्वोच्च भारत के रूप में देखा जाएगा। जागरूकता



कार्यक्रम में महामंत्री अर्चना राय ,जिला मीडिया प्रभारी चंद्रकला राय,सोशल मीडिया प्रभारी साधना शर्मा, पूजा राठी, सुमन रावत आदि की उपस्थिति रही।

# राज्यपाल ने किया 'मेगा रक्तदान शिविर' का शुभारंभ

## राज्यपाल ने 117 बार रक्तदान करने वाले ऋषिकेश के राजेन्द्र बिष्ट सहित 50 से अधिक बार रक्तदान करने वाले मनोज शर्मा, सुशील छाबड़ा, अमित, राजेन्द्र रावत, डॉ. पीयूष मौर्य को सम्मानित किया





देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने रविवार को रेस कोर्स देहरादून में स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर देवभूमि विकास संस्थान द्वारा आयोजित ''मेगा रक्तदान शिविर'' का शुभारंभ किया। उन्होंने रक्तदान कर रहे लोगों से भी मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। रक्तदान शिविर में देवभूमि विकास संस्थान के संरक्षक व पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत के अलावा स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत भी उपस्थित रहे। रक्तदान शिविर में प्रतिभाग करते हुए राज्यपाल ने 117 बार रक्तदान करने वाले ऋषिकेश के राजेन्द्र बिष्ट सहित 50 से अधिक बार रक्तदान करने वाले मनोज शर्मा, सुशील छाबड़ा, अमित, राजेन्द्र रावत, डॉ. पीयूष मौर्य को सम्मानित किया। इसके अलावा देवभूमि विकास संस्थान द्वारा 03 सितम्बर से 13 सितम्बर तक आयोजित रक्तदान शिविरों में सहयोग करने वाली संस्थाओं को भी सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग करते हुए राज्यपाल ने कहा कि रक्तदान मानवता के लिए किया गया सबसे बड़ा दान है। व्यक्ति द्वारा जीवित रहते हुए रक्तदान और मृत्यु के पश्चात देहदान करना सबसे पुण्य का काम है। उन्होंने कहा कि रक्तदान से व्यक्ति को आत्म संतुष्टि भी मिलती है। अपने रक्त को दान कर दसरों की जिंदगी में खुशहाली लाना सबसे बड़ी आत्म संतुष्टि होती है। राज्यपाल ने कहा कि आज इस शिविर में कई लोग रक्तदान कर रहे हैं वे अन्य लोगों के लिए प्रेरणा का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे बीच ऐसे भी लोग हैं जिन्होंने 100 से भी अधिक बार रक्तदान किया है। उन्होंने रक्तदान करने वाले सभी लोगों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। राज्यपाल ने देवभूमि विकास संस्थान के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि संस्थान द्वारा अन्य सामाजिक कार्यों वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमेशा से महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने अपने संबोधन में संस्थान के प्रयासों की सराहना करते हुए रक्तदान करने वाले लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आयुष्मान भव: कार्यक्रम के तहत वर्तमान तक 726 रक्तदान शिविर लगाए गए हैं। 02 लाख 28 हजार लोगों ने ई-रक्तकोष पोर्टल पर पंजीकरण किया है जो देश में सर्वाधिक है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अभी तक 52 लाख 50 हजार आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं और 60 लाख 50 हजार लोगों की आभा आई-डी बनायी जा चुकी है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश में अभी तक 1926 लोगों ने अंगदान के लिए पंजीकरण किया है जो तेलंगाना के बाद देश में दूसरे स्थान पर है। पूर्व मुख्यमंत्री और संस्थान के संरक्षक त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर भाग लेना एवं सेवा के कार्यों को किया जाना आत्मसंतुष्टि प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि संस्थान द्वारा 03 सितम्बर से 13 सितम्बर तक विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से रक्तदान शिविरों का आयोजन कर 01 हजार यूनिट रक्त विभिन्न अस्पतालों को उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि रक्तदान शिविरों में महिलाओं की सहभागिता रही है लेकिन अधिकांश महिलाओं एवं लड़कियों में खून की कमी (अनीमिया) पाई जा रही है जिस ओर ध्यान दिए जाने की जरूरत है। इस कार्यक्रम में विधायक राजपुर रोड़ खजान दास, विधायक डोईवाला बृजभूषण गैरोला, मेयर देहरादून सुनील उनियाल गामा, अध्यक्ष गुरूद्वारा प्रबंधन कमेटी दलबीर सिंह साहनी के अलावा अनेक लोग और रक्तदानकर्ता उपस्थित रहे।

# कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसो. ने चलाया सफाई अभियान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन नगर इकाई द्वारा गांधी जयंती के उपलक्ष में स्वच्छता पखवाड़ा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सफाई अभियान का कार्यक्रम किया गया।स्वच्छता कार्यक्रम होली ग्राउंड से शुरू होकर रैली के माध्यम से महिला अस्पताल, कालाढूंगी रोड, ओके होटल व आसपास के क्षेत्र में एक कदम स्वच्छता की ओर स्वच्छ भारत सुंदर भारत नारे के साथ सफाई अभियान चलाया गया। संस्था के अध्यक्ष गोपाल अधिकारी ने बताया कि 15 सितंबर 2023 से 2 अक्टूबर 2023 तक स्वच्छता पखवाड़ा अभियान पूरे देश में जोर-जोर से चलाया जा रहा है। जिसमें संस्था द्वारा राष्ट्रीय पिता महात्मा गांधी जी को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु कचरा मुक्त भारत बनाने के लिए हल्द्वानी कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन द्वारा विभिन्न जगहों पर सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष गोपाल अधिकारी, महामंत्री संदीप जोशी, कोषाध्यक्ष गिरीश जोशी, उपाध्यक्ष अमित मिश्रा, जिला अध्यक्ष प्रेम मदान, शेखर पंत, सुशील मोंगिया, उमेश जोशी, नरेंद्र साहनी, भुवन सती, मीडिया प्रभारी हिमांशु वार्ष्णेय, एहतेशाम, सुरेंद्र अधिकारी, अरशद समद, महेश भट्ट, गोविंद अग्रवाल, त्रिलोचन पाठक, गौरव बेलवाल, नवीन पाठक, अराध्य जोशी, नरेन्द्र पवार, रवि गुप्ता, ओवैस सिद्दीकी, ऋतिक तिवारी, शुभम गंगवार, विजय राणा, प्रशांत सनवाल, पारस मोंगिया, अतुल अग्रवाल, जमील अहमद,जुनेद, शशांक गर्ग, छवि जोशी, देवेश जोशी, प्रदीप रजवार, भाष्कर पन्तोला, नरेन्द्र पवार, जिनेंद्र जैन, पवन कुमार, जगदीश गोस्वामी, चीमू, दीपक कुमार, गिरीश चंद्र, दीपक तिवारी, अनुज भट्ट, योगेश जोशी, सहित अनेकों लोग उपस्थित रहे।



# एडीएम जयभारत ने कुछ इस तरह दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

## पीपल के पौधों को सुरक्षित उखाड़कर अपने आवास की नर्सरी में लगाया





रूद्रपुर(उद संवाददाता)। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत अपर जिलाधिकारी जयभारत सिंह अधिकारियों कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्रोत बन गये। उन्होंने कलेक्ट्रेट की दीवारों पर उगे पीपल के पौधों को सुरक्षित उखाड़कर नर्सरी वाली पॉलीथीन में रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और इन पौधों को सुरक्षित अपने आवास पर ले गये। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत रविवार को कलेक्ट्रेट परिसर में अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह की एवं कलेक्ट्रेट के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया गया। अपर जिलाधिकारी ने विभिन्न कार्यालयों में आने वाले फरियादियों एवं अधिकारियों/कर्मचारियों से अपील करते हुये कहा कि अनावश्यक किसी भी प्रकार का कूड़ा इधर-उधर न डाले कूड़े को कूड़ेदान में ही डाले।इस दौरान अपर जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट की दीवारो पर उगे पीपल के पौधों को सुरक्षित तरीके से निकाल कर नर्सरी वाले पॉलिथिन में रखकर नर्सरी हेतु अपने आवास पर ले गये। उन्होंने अपने आवास पर 50 पौधों की नर्सरी तैयार की है। इस अवसर पर ओसी गौरव पाण्डे सहित कलेक्ट्रेट एवं विभिन्न कार्यालयों के अधिकारी/ कर्मचारी शामिल थे।


GURU MAA ENTERPRISES



AC चाहिए ?
आधार लाये, उधार ले जायें...

0% BAJAJ FINSERV
UP TO 50% OFF
सबसे ज्यादा कैशबैक
0% ब्याज मुक्त फाइनेंस
खरीदारी के दिन डिलीवरी

Guru Maa Enterprises

हल्द्वानी: तिकोनिया मो- 9837077682; चर्च कम्पाउंड मो- 9690256666; पिली कोठी मो- 9997207007
रुद्रपुर: काशीपुर बाईपास रोड मो- 9927882338, 9568869000
काशीपुर: चीमा चौराहा मो-7455045084; रामनगर रोड मो-9917161111
गदरपुर: गुरुनानक इंटरप्राईजेज पंजाबी कालोनी गली मो-9927850999

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## भड़कती हिंसा और दहशतगर्दी

मणिपुर में सशस्त्रबल विशेषाधिकार कानून यानी अफस्पा को अगले छह महीने के लिए बढ़ाए जाने के फैसले से एक बार फिर स्पष्ट हुआ है कि सरकार वहां व्याप्त हिंसा का राजनीतिक हल निकालने के बजाय बल प्रयोग पर ज्यादा भरोसा कर रही है। मणिपुर के मैतेई बहुल उन्नीस जिलों को छोड़ कर सभी पहाड़ी इलाकों में अफस्पा का अवधि विस्तार कर दिया गया है। इसके पीछे तर्क है कि वहां सक्रिय आतंकी समूहों के विरोध प्रदर्शनों आदि में घुस कर अशांति फैलाने का खतरा बढ़ गया है। पिछले दिनों सशस्त्र बलों ने यह भी कहा था कि वहां के आतंकी समूह सशस्त्रबलों की वर्दी और वाहनों जैसे वाहन तैयार कर रहे हैं। कई हिंसक मामलों में चरमपंथियों के शामिल होने के पुख्ता सबूत भी हाथ लग चुके हैं। ऐसे में एहतियात के तौर पर अफस्पा को विस्तार दिया गया है। इस तरह सेना किसी को भी शक के आधार पर गिरफ्तार कर सकती है, किसी भी घर की तलाशी ले सकती और चेतावनी देकर गोली मार सकती है। माना जा रहा है कि इस सख्ती का दहशतगर्दों पर असर होगा और हिंसा की घटनाओं में कमी आएगी। मगर वहां के नागरिक समाज पर इसका कैसा प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, शायद इसका आकलन नहीं किया गया है। कुछ महीने पहले तक केंद्र सरकार पूर्वोत्तर राज्यों में लागू अफस्पा को चरणबद्ध तरीके से हटाने के पक्ष में थी। कुछ मौकों पर इसका श्रेय भी लेने का प्रयास किया गया। मगर अब जब मणिपुर में इसकी अवधि बढ़ाने का फैसला किया गया है, तो स्वाभाविक रूप से केंद्र और राज्य सरकार के इरादे पर सवाल उठने शुरू हो गए हैं। दरअसल, इस कानून के लागू रहने से नागरिक समाज को हमेशा एक भय में जीवन गुजारना पड़ता है। कश्मीर में अफस्पा की वजह से मानवाधिकार उल्लंघन के अनेक गंभीर आरोप सामने आए थे। मणिपुर में भी सशस्त्रबलों की कार्रवाइयों को लेकर लगातार सवाल उठते रहे हैं। इसलिए जहां भी अफस्पा लागू है, वहां के नागरिक इसे हटाने की मांग करते रहे हैं। इसे हटाने को लेकर इरोम चानू शर्मिला लंबे समय तक धरने पर बैठी रहीं। वहां की महिलाओं ने निर्वस्त्र होकर प्रदर्शन किया था। इसलिए जब केंद्र में भाजपा की अगुआई वाली राजग की सरकार आई तो उसने चरणबद्ध तरीके से अफस्पा हटाने की घोषणा की। पूर्वोत्तर के कई हिस्सों से इसे हटाया भी गया। मगर मणिपुर के मामले में वर्तमान स्थितियों के मद्देनजर कदम वापस खींचने पड़े हैं। मणिपुर का मामला राजनीतिक है। अगर वहां की सरकार ने गंभीरता दिखाई होती और केंद्र ने उसे अपेक्षित सहयोग दिया और लगातार उस पर दबाव बनाए रखा होता तो इसका समाधान पहले ही हो गया होता। मगर इस घटनाक्रम में राज्य सरकार का पक्षपातपूर्ण रवैया दिखता रहा। केंद्र ने भी अपेक्षित कदम नहीं उठाए। इसका नतीजा यह हुआ कि मैतेई और कुकी समुदाय एक-दूसरे के खून के प्यासे बने हुए हैं। सर्वोच्च न्यायालय को इस मामले में स्वतः संज्ञान लेकर निगरानी समिति गठित करनी पड़ी। उसके बावजूद वहां रह-रह कर हिंसा भड़क उठती है। करीब पांच महीने होने आ रहे हैं, मगर पुलिस और सशस्त्रबलों की कड़ाई काम नहीं आ पा रही है। ऐसे में अफस्पा की अवधि बढ़ा देने से इसका हल निकाला जा सकेगा, दावा नहीं किया जा सकता। जब तक इस समस्या के समाधान के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं दिखाई देगी, तब तक स्थिति में किसी प्रकार के सुधार की गुंजाइश शायद ही बन पाए।

# पीएसी में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। 31 पीएसी के 53वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय मेले के दूसरे दिन सायंकाल रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की खूब धूम रही। इस दौरान गीत संगीत की धुनों पर उपस्थित सैकड़ों





लोग जमकर थिरकते रहे। परिसर में लगाए गए विभिन्न स्टालों पर खूब खरीददारी भी की गई। 31वीं वाहिनी पीएसी का 53वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर वाहिनी परिसर में मेले एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मेले में विभिन्न प्रकार के बच्चों के मनोरंजक झूले,खिलौनों, फिरोजाबाद की चूड़ियां, लखनवी चिकनकारी सूट, चंदेरी की साड़ी, सूट, जयपुरी चादर, रजाई, महिला साज-सज्जा सामग्री, पहाड़ी दालें, लकडी के उपयोगी सामान, खुर्जा की क्राकरी, सहारनपुर हैण्डलूम, मुरादाबाद की पीतल, भदोई की कार्पेट, पिलखवा की चादरें, विभिन्न खेलों, स्पोर्ट्स का सामान, खाद्य सामग्री, मथुरा के पेडे, आगरे का पेठा, स्वादिष्ठ पकवान, वस्त्रों आदि के स्टाल लगाये गये। आज रात्रि मेले का मुख्य आकर्षण लक्की ड्रा है जिसमें कई आकर्षक पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे। गत सायं श्रीमती प्रीति प्रियदर्शिनी, सेनानायक 31 पीएसी की उपस्थिति में कुमाऊनी सिंगर कैलाश कुमार व उनकी टीम के द्वारा विशेष कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उनके द्वारा अपनी मधुर धुन से मेले में आये सभी लोगों को मन्त्रमुग्ध किया और अपनी प्रस्तुति से मेले का समा ही बांध दिया। कैलाश व उनकी टीम ने पूरे देश एवं विदेशों में भी कई कार्यक्रम कर पहाड़ी और हिंदी गाने गाए। जिनके साथ-साथ बच्चों एवं वाहिनी के कर्मचारियों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर डॉ. उत्तम सिंह नेगी, उप सेनानायक, शिविरपाल मनीष शर्मा, दलनायक गोपाल सिंह बिष्ट, जहीर अहमद, राजेन्द्र सिंह नेगी, शुक्र लाल, हीरा सिंह जलाल, श्रीमती राधा थापा, सूबेदार सैन्य सहायक खुर्शीद अली, पीसी सुन्दर सिंह, गिरीश चंद्र जोशी, उमेश सोनकर, मनमोहन सिंह एवं वाहिनी के अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## गांधी-शास्त्री जी को किया नमन

नानकमत्ता (उद संवाददाता)।राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय डियोढ़ी में 2 अक्टूबर के अवसर पर महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती हर्ष उल्लास से मनाई गई। सर्वप्रथम विद्यार्थियों के द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई उसके पश्चात विद्यालय के प्रधानाध्यापक सोबरन सिंह राणा द्वारा ध्वजारोहण किया गया।



मां सरस्वती, महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। बच्चों ने देशभक्ति के गीत व सुंदर नृत्य द्वारा सबका मन मोह लिया। विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक सूरज सक्सेना ने विस्तार से महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के जीवन के विषय में बताया। विद्यालय के सहायक अध्यापक कृष्ण चंद्र ने सभी को महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन से प्रेरणा लेने को कहा। यहां विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष मोहम्मद इलियास, वरिष्ठ समाजसेवी पीएस राणा, पूर्व उप प्रधान नवाबुद्दीन, वरिष्ठ समाजसेवी हफीजुद्दीन, पूर्व अध्यक्ष शफीउद्दीन, शायना, फरमान समीर,यशदीप सिंह,कमलप्रीत सिंह आदि उपस्थित थे

## धूमधाम से मनाई गांधी और शास्त्री जयंती

गूलरभोज(उद संवाददाता)। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती जय जवान जय किसान उद्घोष के साथ बड़ी धूमधाम से हरेंद्र चौधरी के प्रतिष्ठान पर मनाई गई एवं मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉक्टर कुलदीप रघुवंशी ,ओमप्रकाश डोगरा ,संजीव कुमार गुप्ता, विनोद कुमार, रामकिशन दहूजा ,अमित कुमार गुप्ता, हरेंद्र चौधरी ,नंदन सिंह ,बनवारी लाल, अशोक कुमार, विक्रम मेहरा ,अंकित कुमार ,हार्दिक एवं गुरबाज सिंह आदि लोग उपस्थित थे।



## कैमिस्ट एसोसिएशन ने गांधी व शास्त्री को किया नमन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की स्वर्णिम जयंती के अवसर पर हल्द्वानी केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी व सदस्यों द्वारा दोनो महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम केमिस्ट भवन डहरिया हल्द्वानी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष गोपाल अधिकारी द्वारा सभी सदस्यों को सत्य,अहिंसा



के मार्ग पर प्रशस्त रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की बात कही गई। जिला अध्यक्ष प्रेम मदन ने सभी को महान विभूतियो की स्वर्णिम जयंती पर मिष्ठान वितरित करते हुए शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम में अध्यक्ष गोपाल अधिकारी, महामंत्री संदीप जोशी, कोषाध्यक्ष गिरीश जोशी, उपाध्यक्ष अमित मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष उमेश जोशी, राजकुमार अग्रवाल, भुवन सती, नरेंद्र साहनी, एहतेशाम, गौरव बेलवाल, सुरेंद्र अधिकारी, ईश्वरी दत्त जोशी, महेश चंद्र भट्ट, विजय राणा, महेंद्र कुमार, रवि गुप्ता, अतुल कुमार श्रीवास्तव, ओवैस सिद्दीकी, गौतम साहनी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## गांधी जयंती पर कांग्रेसजनों ने निकाली पद यात्रा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती की मौके पर कांग्रेस पार्टी द्वारा पदयात्रा निकालकर उनके दिखाए गए मार्ग पर चलने का



संकल्प लिया गया। तिकोनिया चौराहे के बुद्ध पार्क से लेकर स्वराज आश्रम तक कार्यकर्ताओं ने विधायक सुमित हृदयेश के नेतृत्व की पदयात्रा निकाली।जिसमें पार्टी के तमाम पदाधिकारी, कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। विधायक सुमित ने कहा महात्मा गांधी की विचारधारा से आज पूरा देश आगे बढ़ रहा है और इस देश को महात्मा गांधी की विचारधारा की जरूरत है। जिसे लाल बहादुर शास्त्री ने प्रधानमंत्री रहते हुए आगे बढ़ने का काम किया और दोनों ही महापुरुषों के द्वारा दिखाए गए रास्ते पर चलने का संकल्प कांग्रेस पार्टी ले रही है।

## कमांड कंट्रोल पुलिस ने खोया मोबाईल बरामद कर लौटाया

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कमांड कंट्रोल सीसीटीवी रूम में नियुक्त पुलिस कर्मचारियों की निगरानी से खोया हुआ मोबाइल रिकवर कर वापस लौटाया गया। जानकारी के अनुसार एक अक्टूबर को अभिनव तिवारी हरियाणा से कैंची धाम दर्शन के लिए आए हुए थे। दर्शन के उपरांत वह वाहन में बैठकर हल्द्वानी आए। वाहन से उतरने के दौरान उनका मोबाइल उसी गाड़ी में छूट गया तथा उन्हें गाड़ी का नंबर भी



ज्ञात नहीं था। परेशान होकर वह हल्द्वानी रोडवेज के समीप स्थित नैनीताल पुलिस के कमांड कंट्रोल रूम हल्द्वानी में आकर पुलिस से मदद मांगने पहुंचे। ड्यूटी में तैनात पुलिस कर्मी कांस्टेबल गुलशन गोस्वामी एवं कांस्टेबल रोहित द्वारा यात्री से सारी बात जानकर सभी सीसीटीवी फुटेज को काफी देर तक बारीकी से देखने के पश्चात गाड़ी नंबर को ट्रेस किया गया और ड्राइवर से बात कर खोए हुए मोबाइल को बरामद कर अभिनय तिवारी को सकुशल वापस लौटाया गया। अभिनय ने पुलिस का आभार जताया।

## मेयर रामपाल ने लिया अंगदान करने का संकल्प

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर मेयर रामपाल सिंह ने अंगदान का संकल्प लिया है। मेयर ने अंगदान का फार्म भरते हुए मरणोपरांत अपने सभी जरूरी अंगदान करने की घोषणा की। इस अवसर पर मेयर ने कहा कि अंगदान सबसे बड़ा पुण्य है। मृत्यु के बाद शरीर के अंग किसी के काम आ जायें तो इससे बड़ा पुण्य कुछ और नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि अंगदान को लेकर लोगों में अभी भी भ्रांतियां हैं हालाकि कुछ सामाजिक संगठनों ने लोगों को जागरू करने के लिए जो अभियान चलाया है उससे लोगों में जागरूकता आयी है।



लोग मरणोपरांत अपने अंगदान करने के लिए जागरूक हो रहे हैं। अंगदान के मामले में उत्तराखण्ड तेलंगाना के बाद दूसरे नम्बर पर है। उधम सिंह नगर जनपद में भी लोग बड़ी संख्या में अंगदान का संकल्प ले रहे हैं। मेयर ने महानगर वासियों से अंगदान का संकल्प लेने का आहवान किया है।

## एसएस पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाई जयंती

गदरपुर (उद संवाददाता)।एस0 एस0 पब्लिक स्कूल में महात्मा गाँधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती धूमधाम से मनाई गई । विद्यालय के चेयरमैन डी0पी0 सिंह ने पूरे विद्यालय परिवार को इस पावनपर्व की बधाई दी और उनके द्वारा बताए सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने को कहा । विद्यालय के प्रधानाचार्य परविंदर सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया एवं गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के द्वारा देश के लिए किये गए महान कार्यो पर प्रकाश डाला और सभी को अपने जीवन मे देश हित के लिए अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित किया । इस अवसर पर सुरेन्द्र प्रसाद , उमेश चौहान,सचिन बजाज , केवल कंबोज,हिमांशु,जगदीश , कीर्ति फौगाट,हिमानी डोगरा, रेखा,तारा देवी, कमला,किशन चंद्र,उबेश,श्याम सिंह,शंकर,सुशील,नोशाद,संजू ,रोहित,अमित आदि उपस्थित रहे ।



# डीआईजी और एसएसपी ने जयंती पर गांधी व शास्त्री को किया नमन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की स्वर्णिम जयंती के अवसर पर डॉ. योगेंद्र सिंह रावत आईपीएस पुलिस उप महानिरीक्षक कुमाऊं परिक्षेत्र द्वारा दोनो महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर उन्होंने अधीनस्थों को सत्य,अहिंसा के मार्ग पर प्रेरित किया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 154वी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की 119वी स्वर्णिम जयंती के अवसर पर प्रहलाद नारायण मीणा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन नैनीताल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं शास्त्री जी की प्रतिमाओं का अनावरण कर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर



प्रशस्त रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। वहीं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर एसएसपी द्वारा महापुरुषों की प्रतिमाओ का अनावरण एवं माल्यार्पण कर अधिनस्थों को सत्य अहिंसा के मार्ग पर चलने हेतु एसएसपी द्वारा जनपद के समस्त अधिनस्थ पुलिस बल को दोनों महापुरुषों की स्वर्णिम जयंतियों की शुभकामनाएं देते हुए उनके आदर्शों पर चलते हुए सत्य, अहिंसा के मार्ग पर प्रशस्त रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी के साथ करने की बात कही गई। एसएसपी नैनीताल द्वारा पुलिस विभाग में कार्यरत पर्यावरण मित्रो (स्वच्छको) को उनके उत्साहवर्धन हेतु गरम कम्बल वितरित किये गए। इस अवसर पर डॉ. जगदीश चंद्र, पुलिस अधीक्षक अपराध/यातायात द्वारा पुलिस कार्यालय नैनीताल प्रांगण में महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया।इसके अलावा श्री हरबंस सिंह एसपी सिटी हल्द्वानी की अध्यक्षता में पुलिस अधिकारी/कर्मचारी द्वारा पुलिस बहुउद्देशीय भवन हल्द्वानी तथा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रीय कार्यालयो एवं प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष, चौकी प्रभारियो द्वारा अपने-अपने थाना, चौकी कार्यस्थल मैं महान विभूतियों की प्रतिमाओ का अनावरण व माल्यार्पित करते हुए दोनों महापुरुषों की जयंतियो को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पुलिस लाइन स्थित कार्यक्रम में भगवत सिंह राणा प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन नैनीताल, राजकुमार सिंह प्रतीसार निरीक्षक, रेडियो नैनीताल, नारायण सिंह प्रभारी डीसीआरबी, आदेश कुमार यातायात निरीक्षक नैनीताल, भूपेंद्र पटवाल एसआई. एमटी नैनीताल के अतिरिक्त अन्य समस्त अधिकारी, कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# कारोबारियों पर नहीं चल रहा है आबकारी का जोर

## चोर दरवाजों से मनमाने रेट पर जमकर बिक रही है शराब

काशीपुर(उद संवाददाता)। गांधी शास्त्री जयंती के मौके पर जहां एक और क्षेत्र भर में महापुरुषों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि देने का क्रम लगातार जारी है वही मदिरा की बिक्री पर पूर्णत प्रतिबंध होने के बावजूद दुकानों के आसपास चोर दरवाजों से शराब मनमाने रेट पर जमकर बेची जा रही है। मजे की बात तो यह है कि सोमवार की सुबह 10:30 बजे से 12:00 बजे तक आबकारी कर्मचारियों शराब की दुकानों को सील करते नजर आए जब किया कार्यवाही रविवार की देर शाम तक खत्म हो जाना चाहिए था अथवा सुबह 10:00 बजे से पूर्व दुकानों को सील किया जाना चाहिए था। आबकारी की गलत नीतियों के कारण एक बार फिर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के मौके पर देसी व अंग्रेजी शराब के ठेकों के आसपास चोर दरवाजों से मदिरा मनमाने रेट पर बेची जा रही है। स्टेडियम तिराहा, आवास विकास मोड, गंगे बाबा रोड, जसपुर खुर्द में गैस एजेंसी के समीप, टांडा उज्जैन, जसपुर बस स्टैंड आदि अंग्रेजी शराब की दुकानों के समीप जहां मनमाने दामों पर कतिपय लोगों द्वारा मदिरा के बिक्री की सूचना रही वहीं देसी शराब के ठेकों पर भी आबकारी की लापरवाह नीतियों के कारण राष्ट्रपिता की




जयंती पर जमकर मनमानी दामो परशराब बेची जा रही है। मुरादाबाद रोड पर जसपुर हड्डी के समीप स्थित देसी शराब की दुकान को सुबह आबकारी कर्मचारियों ने लगभग 10:30 बजे के बाद सील किया। इसी के ठीक बगल एक अहाते से सुबह सवेरे से देसी शराब मनमानी रेट पर बेची जा रही है। इसी तरह अलीगंज रोड, दढियाल रोड, बाजपुर रोड पर चौती चौराहे के समीप, कुंडेश्वरी रोड, रामनगर रोड पर टूरिस्ट होटल के समीप स्थित देसी शराब की दुकानों के आसपास कानून की आंख में धूल झोंक कर शराब ब्लैक रेट पर जमकर बेची जा रही है। टांडा उज्जैन में रेलवे क्रॉसिंग के समीप कुछ लोग देसी शराब के क्वार्टर को मनमानी दामों पर बेच रहे हैं।

# गांवों में कुटीर उद्योग बना अवैध शराब का धंधा

काशीपुर। गांधी जयंती की मौके पर शराब की दुकान बंद होने के कारण अधिकांश लोगों ने रमपुरा की ओर रुख कर लिया है जहां गांव में दर्जनों की तादाद में परिवार अवैध कच्ची शराब को कुटीर उद्योग के रूप में अपनाएं हुए हैं। इसके अलावा कनकपुर, छोटी बरखेड़ी, बड़ी बरखेड़ी, खड़कपुर देवीपुरा, खाईखेड़ा आदि गांव में भी बंदी के मौके पर शराब के शौकीनों का आवागमन तेज है। उपरोक्त गांवों में हजारों लीटर अवैध कच्ची शराब रोजाना बनाई है बेची जाती है। इसी तरह आबकारी की नाक के नीचे दर्जनों की तादात में आबाद कच्ची शराब के अड्डों पर भी जमघट में इजाफा देखा जा रहा है।

# देवहोम में भाजपा नेता विकास शर्मा ने किया ध्वजारोहण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने गांधी जयंती पर वार्ड नंबर 16 के बूथ नंबर 142 बिगवाड़ा स्थित देवहोम्स सोसाइटी में भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के महानायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर ध्वजारोहण भी किया गया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का देश की आजादी में दिया गया योगदान भुलाया नहीं जा सकता। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने पूरी दुनिया के लिए



सत्य और अहिंसा का मार्ग प्रशस्त किया है। उनके सत्य और अहिंसा के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं जिससे युवाओं को सीख लेने की जरूरत है। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को स्मरण करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि शास्त्री जी की सादगी व सरलता भरा जीवन हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। दोनों महान विभूतियों से प्रेरणा लेकर विकसित एवं विश्व गुरु भारत के सपनों को साकार करने की दिशा में कार्य करना होगा। इस दौरान जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा बिमला मंडेला ,जिला महामंत्री स्वाति शर्मा मंडल अध्यक्ष गुरविंदर कौर प्रवीन कुमार बूथ अध्यक्ष , मोर सिंह , पं. देव शर्मा योगेश पाल, अशोक विश्वास , धीरज गुप्ता , सीबी घिल्डियाल , हरीश पांडे , लक्ष्मण सिंह ,डीसी मंडल ,अनिल विंद , प्रवेश ,निहाल सिंह ,मनोज कुमार आदि उपस्थित रहे।

# अल्मोड़ा में भी धूमधाम से मनाई गांधी और शास्त्री जयंती

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जिला कार्यालय अल्मोड़ा समेत जनपदभर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान कलेक्ट्रेट गए योगदान को याद किया गया। श्री तोमर ने गांधी जी एवं शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उनके विचारों एवं आदर्शों का पालन करते हुए देश हित में कार्य करने चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने समस्त जनपद वासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी इसके पश्चात भजन कीर्तन कर बापू के प्रिय भजनों को आयोजन किया गया। जिसमे गणमान्य व्यक्तियों, जिला प्रशासनकेअधिकारी कर्मचारी, विभिन्न स्कूलों से आए छात्र छात्राएं, एनसीसी कैडेट्स, शिक्षक एवं स्थानीय लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा





एवं विकासभवन सहित सभी कार्यालयों में समस्त स्टाफ द्वारा दोनो महान विभूतियों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तथा श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी विनीत तोमर ने गांधी जी एवं शास्त्री जी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे एवं गांधीजी तथा शास्त्री जी के देश में किए का पालन करते हुए उनके मूल्यों को अपने जीवन में उतारना ही उनको सच्ची एवं अच्छी श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान एवं तत्कालीन परिस्थितियों में बहुत अंतर है, तथा उन विषम परिस्थितियों का सामने करते हुए गांधीजी एवं शास्त्री जीने देशहित में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा कि हमें भी अपनी अपनी जिम्मेदारियों सामूहिक रूप से गाया गया। उपजिलाधिकारी सदर जयवर्धन शर्मा ने भी महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कीइससे पूर्व गांधीजी एवं शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर आज नंददेवी मंदिर परिसर से लेकर मुख्य बाजार से होते हुए चौघान पाटा तक प्रभात फेरी का लिया। इस दौरान सभी ने देशभक्ति गीतों, नारों एवं गाजे बाजे के साथ प्रभात फेरी का आयोजन किया। प्रभात फेरी का समापन चौघानपाटा में महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं माल्यार्पण कर किया गयाइस दौरान पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान, नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, समेत अन्य अधिकारी तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## पेज एक का शेष...

**जयंती पर महात्मा गांधी...** व राजभवन के अन्य अधिकारीगण एवं कार्मिक उपस्थित रहे। रूद्रपुर- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधान मंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री जी की जयन्ती जनपद में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने महात्मा गांधी जी व लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्रों का अनावरण कर माल्यार्पण के बाद श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग के सांस्कृतिक दल के कलाकारों द्वारा गांधी जी का प्रिय भजन वैष्णव जन तो तैने कहिए , रामधुन रघुपति राघव राजा राम...आदि की प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगो को भाव विभोर किया। जिलाधिकारी ने जनपद वासियों को बधाई देते हुए अपने सम्बोधन में कहा कि हम लोगों को माहा पुरूषों से प्रेरणा लेनी चाहिए और जो राह महापुरूषों ने दिखाई है उस पर सभी को चलने का प्रयास करना चाहिए। उन्होने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने कर्म पूरी ईमानदारी व निष्ठा से करना चाहिए क्योंकि कर्म ही पूजा है। उन्होने कहा कि गांधी जी सत्य, अहिंसा के अपने विचारों व व्यवहार से पूरे विश्व के लिये प्रेरणा श्रोत है। उन्होने कहा कि जब तक सृष्टि रहेगी तब तक गांधी व शास्त्री जी के विचारों सभी के लिये अनुकरणीय रहेंगे। उन्होने कहा कि हमेशा सच के साथ चलना चाहिए व मन और वाणी को हमेशा सकारात्मक रखना चाहिए। उन्होने कहा कि महात्मा गांधी जी के विचारों के अनुसार हमे अपनी कथनी और करनी में एकरूपता लानी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्र के विकास के लिये हमें स्थानीय उत्पादों का अधिक से अधिक प्रयोग करना चाहिये। इस दौरान अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी ने सभी को बधाई देते कहा कि महापुरूषों के जीवन शैली से प्रेरणा लेकर अपने आचरण में अहिंसा का भाव जागृत करने का प्रयास करना चाहिये। उन्होने कहा कि यदि कोई भी कार्य टीम भावना से किया जाये तो अवश्य ही सफलता मिलती। उन्होने कहा कि हमें अपने दायित्वो का पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करना चाहिये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, जय भारत सिंह, ओसी गौरव पाण्डेय, डॉ0 अमृता शर्मा सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी/कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम AMANUR RAHMAN से बदलकर AMAAN UR REHMAN ANSARI रख लिया है। मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना जाए ।

**अमान उर रहमान अंसारी** पुत्र मुजीबुर रहमान अंसारी वार्ड 5 किच्छा,उधमसिंहनगर,उत्तराखण्ड

**शौर्य जागरण यात्रा का ....**सिंह एवं सर्वव्यवस्था प्रमुख विपिन शर्मा रहे।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सोहन सिंह सोलंकी ने बताया कि किस प्रकार अयोध्या में बन रहे प्रभु श्री राम चन्द्र जी के भव्य एवं दिव्य मंदिर के लिए हमारे पुरखों ने असंख्य संघर्ष किया कितने ही लोगों ने अपने प्राणों की आहूति दी, युद्ध लड़े जेल गए एवं गोलियां खाईं।अत एव यह प्रभु श्री राम जी का मंदिर हमें हमारे पुरखों के संघर्ष, त्याग, तपस्या एवं पूर्वजों के बलिदान से मिला है। जिसमें विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का अतुलनीय सहयोग रहा है। श्री सोलंकी ने कहा कि विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल द्वारा समाज में गौ सेवा, लव जिहाद से बहन बेटियों को बचाने, लैंड जिहाद को रोकने एवं धर्म व राष्ट्र की सेवा और रक्षा हेतु दिन और रात काम किया जाता है। कार्यक्रम में जिला धर्म प्रसार प्रमुख सुल्तान सिंह, शैली बंसल, वीरेंद्र यादव, सुबोध सक्सेना, विशाल खेड़ा, बिट्टू शर्मा, भुवन जोशी, प्रखंड मंत्री जोगेंद्र सिंह चौहान, मुकेश पारिक, विधायक शिव अरोड़ा, मेयर रामपाल, जुगल वल्लभ गोस्वामी, अर्चना सिंह, एड. एसके सिंह, मोंटी, सुदेव दास गुप्ता, राजू बिष्ट, रमेश पाल, गौरव मिश्रा, शुभम पाल, मुकेश चौहान, कल्पना सक्सेना, रमेश जोशी, बंटी राजौरिया, मनीष कश्यप, जयंत मंडल, हरीश यादव, अजयपाल, संदीप बाल्मीकि, अंकित सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**रामपुर तिराहा कांड की ...**विकास हेतु सतत क्रियाशील है। बता दें दो अक्तूबर 1994 को उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के रामपुर तिराहा में आज ही के दिन उत्तराखंड राज्य निर्माण की मांग को लेकर बस से दिल्ली जा रहे आंदोलनकारियों पर बर्बरता की गई। पुलिस फायरिंग में छह आंदोलनकारी शहीद हो गए। महिलाओं से अभद्रता की गई, फायरिंग, लाठीचार्ज और पथराव से कई घायल हो गए। राज्य आंदोलनकारी वर्षों पूर्व हुई इस बर्बरता को याद कर अब भी सिहर उठते हैं।

**रिटायर्ड पुलिसकर्मी का ..**मैसेज चौक किये तो पता चला कि 4 सितंबर को 103499 रुपए व 5 सितंबर को 115000 रुपए कुल 218499 रुपए धोखाधड़ी कर निकाल लिए गए हैं। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कल धूमधाम से मनाया जाएगा जन्मोत्सव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।सावन कृपाल रूहानी मिशन के संस्थापक दयाल पुरुष संत दर्शन सिंह जी महाराज और परम संत राजिन्दर सिंह जी महाराज का जन्मोत्सव कार्यक्रम 3 अक्टूबर को शिवालिक बिहार स्थित कृपाल आश्रम किच्छा में मनाया जायेगा। कार्यक्रम में पंजाब के सूफी शायर रिक्की शेरपुरी रूहानी कव्वालिया प्रस्तुत करेंगे।यह जानकारी देते हुए सावन कृपाल रूहानी मिशन के स्थानीय सचिव विजय कटारिया ने बताया कि मंगलवार 3 अक्टूबर को सायं 4 बजे से 5 बजे तक कृपाल आश्रम में सत्संग होगा।उसके पश्चात बाल सत्संग के बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। शाम को 6.30 बजे से रूहानी कव्वालियो का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पंजाब के सूफी शायर रिक्की शेरपुरी प्रस्तुति देंगे। उन्होंने बताया कि आध्यात्मिक कार्यक्रम में गुरु का लंगर अटूट बरतेगा।

# फैक्ट्री से लौट रहे श्रमिक का मोबाइल झपटा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत सायं फैक्ट्री में ड्यूटी समाप्त कर पैदल घर वापस लौट रहे श्रमिक के हाथ से अज्ञात उचक्का मोबाईल झपट कर फरार हो गया। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में अनुज कुमार पुत्र वीरपाल सिंह हाल निवासी अटरिया ढाल, ट्रांजिट कैम्प ने कहा है कि 29 सितंबर को समय सायं वह सिडकुल पंतनगर से कार्य करके अपने घर पर मोबाईल से बात करते हुए आ रहा था। सिडकुल ढाल के पास एक व्यक्ति उसके हाथ से मोबाईल फोन झपट्टा मारकर भाग गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# उत्तराखंड में अब 'किराएदार' रखना पड़ सकता 'भारी'

**घरेलू विद्युत का दुरुपयोग रोकने के लिए यूपीसीएल छेड़ेगा व्यापक अभियान, दो से अधिक किराएदार रखने वाले मकान मालिकों के विद्युत मीटर घरेलू से कमर्शियल में किए जाएंगे परिवर्तित, वसूल जा सकता है भारी जुर्माना और पिछला बकाया, रुद्रपुर सहित राज्य के तमाम औद्योगिक क्षेत्र बिजली महकमे के रडार पर**

-अर्श-

रुद्रपुर। उत्तराखंड पावर कारपोरेशन लिमिटेड राज्य में दो से अधिक किराएदार रखने वाले भवन स्वामियों को अब एक नई टेंशन देने जा रहा है। खबर है कि राज्य का बिजली महकमा समूचे उत्तराखंड में घरेलू विद्युत का कमर्शियल उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं के विरुद्ध एक व्यापक अभियान छेड़ने जा रहा है, जिसके अंतर्गत यूपीसीएल, राज्य के अंतर्गत दो से अधिक किराएदार रखकर, घरेलू विद्युत कनेक्शन का कमर्शियल उपयोग करने वाले भवन स्वामियों की पहचान कर ,उनकी विद्युत सप्लाई कमर्शियल श्रेणी के अंतर्गत सुनिश्चित करेगा। गौरतलब है कि उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के आला अधिकारियों को राज्य के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र में घरेलू अर्थात आवासीय विद्युत कनेक्शन का कमर्शियल उपयोग करने के इनपुट पिछले काफी समय से लगातार मिल रहे थे। साथ ही बिजली महकमे को यह जानकारी भी मिल रही थी कि घरेलू विद्युत कनेक्शन का कमर्शियल उपयोग करके विभाग को प्रति माह करोड़ों के राजस्व का चूना लगाया जा रहा है ।लिहाजा यूपीसीएल ने अब घरेलू विद्युत संयोजन का कमर्शियल उपयोग रोकने के लिए कमर कस ली है। विभागीय सूत्रों के अनुसार इस अभियान में सर्वप्रथम ऐसे भवन स्वामियों की पहचान की जाएगी, जो स्वयं तो भवन में नहीं रहते लेकिन उन्होंने अपने भवन में दो से अधिक किराएदार रखे हुए हैं। ऐसे भवन स्वामियों के विद्युत संयोजन को घरेलू अथवा आवासीय से कमर्शियल में परिवर्तित किया जाएगा। महकमे के सूत्रों तो यह तक कहा कि घरेलू विद्युत संयोजन का कमर्शियल उपयोग करते पाए जाने पर संबंधित विद्युत संयोजनधारी के ऊपर




जुर्माना अधिरोपित किए जाने के साथ-साथ पिछला बकाया की रिकवरी भी की जा सकती है,जो की भारी भरकम हो सकती है ।हासिल जानकारी के मुताबिक यूपीसीएल शुरू में ऐसे इलाकों पर फोकस कर रहा हैं, जहां औद्योगिक व शैक्षणिक गतिविधियां ज्यादा हैं। इन इलाकों में ऐसे भवनों की भी पहचान की जाएगी जहां पीजी, हॉस्टल एवं कोचिंग सेंटर आदि चलाए जा रहे हैं। बताना होगा कि यूपीसीएल ने हाल ही में इस अभियान के अंतर्गत देहरादून के सेलाकुई क्षेत्र में चेकिंग के दौरान तकरीबन 200 घरों में घरेलू विद्युत के दुरुपयोग को चिन्हित किया है। इतना ही नहीं चेकिंग के दौरान विभाग को एक ऐसा घर भी मिला, जहां 2 किलोवाट के घरेलू कनेक्शन से 36 किरायेदारों को बिजली की सप्लाई की जा रही थी। उपरोक्त अनियमिता सामने आने के बाद बिजली महकमे ने देहरादून के क्लेमनटाउन, प्रेमनगर, बिधौली, पौंधा, भाऊवाला, आदि क्षेत्रों में भी सघन चेकिंग अभियान छेड़ दिया है। इन इलाकों को यूपीसीएल ने अपनी रडार पर खास तौर पर इसलिए भी लिया है क्योंकि यहां पीजी एवं हॉस्टल काफी संख्या में है, साथ ही यहां घरेलू विद्युत संयोजन के दुरुपयोग की शिकायतें काफी अरसे से मिल रही थी। माना जा रहा है कि देहरादून के चेकिंग अभियान की समाप्ति के बाद इसकी गंभीर समीक्षा की जाएगी। तदुपरांत राज्य के अन्य सभी औद्योगिक क्षेत्र मसलन हरिद्वार, खटीमा, काशीपुर, रुद्रपुर, बाजपुर, सितारगंज आदि में ऐसा ही व्यापक अभियान छेड़ा जाएगा ।जाहिर है कि उत्तराखंड में अब ऐसे भवन स्वामियों ,जो अपने भवन में कई -कई किराएदार रखकर मोटा किराया वसूल रहे हैं और जिन्होंने अपने घरेलू विद्युत संयोजन को कमर्शियल विद्युत संयोजन में परिवर्तित नहीं कराया है ,को किराएदार रखना निकट भविष्य में खासा भारी पड़ने वाला है। वह इसलिए क्योंकि बिजली महकमा घरेलू विद्युत संयोजन का दुरुपयोग करते पाए जाने पर विद्युत अधिनियम की धारा 126 के अंतर्गत कार्यवाही कर रहा है । हालांकि इस धारा के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की अपील डीएम एवं हाई कोर्ट में की जा सकती है ,लेकिन सामान्यत इस धारा के अंतर्गत की गई अपीलों में राहत काम ही मिल पाती है।

## पूर्व नायब तहसीलदार को अवमानना का नोटिस जारी

काशीपुर( उद संवाददाता)। रजिस्ट्रार कानूनगो के पद से नायब तहसीलदार काशीपुर कार्यरत रहे युसूफ अली को सिविल जज के द्वारा एक मामले में अवमानना नोटिस जारी कर तलब किया गया। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 1951 में मोहल्ला महेशपुर जो वर्तमान में इंदिरा कॉलोनी काशीपुर स्थित है को कस्टोडियन विभाग बरेली द्वारा अधिग्रहित कर प्लाटों की नीलामी करने के बाद पुलिस के द्वारा प्लाट मालिकों को कब्जे दिए। एक मल्लू सिंह के वारिस जगतार सिंह ने अपंजीकृत वसीयत से 2000 में नायब तहसीलदार काशीपुर से अपना नाम दर्ज कराया। इस वसीयत के आदेश को अपर जिलाधिकारी उधम सिंह नगर निवास 2012 में निरस्त किया। माननीय सिविल न्यायालय ने अपंजीकृत वसीयत को अवैध करार दिया और प्लाटों के क्रेताओं को बैनामो के आधार पर मालिक होने का निर्णय दिया।प्लाटों के खरीदार के वारिस सुनील कुमार बजाज आदि के प्लाटों के मामले में पूर्व नायब तहसीलदार काशीपुर युसूफ अली ने माननीय सिविल न्यायालय के निर्णयों की उल्लंघना एवं अवमानना की। जिस पर सुनील कुमार आदि के आवेदन पर माननीय सिविल न्यायालय द्वारा युसूफ अली नायब तहसील दार काशीपुर के विरुद्ध कंटेंप्ट का कोर्ट का नोटिस जारी कर तलब किया है।

## व्यापारियों ने डा. कपूर के समक्ष उठाया मंडी शुल्क का मुद्दा

हल्द्वानी ( उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिला इकाई द्वारा कृषि उत्पादन एवं विपरण बोर्ड मंडी परिषद उत्तराखंड के नव मनोनित चेयरमैन राज्य मंत्री डॉ. अनिल कपूर ( डब्बू) का स्वागत किया। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद गोयल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते संगठन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि डब्बू जी को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने से अब मंडी संबंधित कार्य के लिए व्यापारियों को देहरादून के चक्कर नहीं लगाने होंगे। उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश का मंडी शुल्क उत्तराखंड से कम है इस लिए उत्तराखंड में भी उसी तर्ज पर मंडी शुल्क कम किया जाना चाहिए। अनिल कपूर ने अपने संबोधन में कहा कि इस पद की गरिमा को बनाये रखते हुए व्यापारियों और किसानों के हितों हेतु कार्य करेंगे और



आधुनिक मंडी का निर्माण करने हेतु प्रयासरत रहेंगे। व्यापारियों और किसानों के बीच समन्वय स्थापित करा कर प्रदेश को कृषि क्षेत्र में प्रगति के पथ पर ले जाने हेतु हर सम्भव प्रयास करूंगा। कार्यक्रम को प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्र शेखर पंत, जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता ने संबोधित किया। जिला महिला पदाधिकारियों द्वारा शाल भेंट कर डा . कपूर का स्वागत किया। प्रदेश कार्यकारिणी की ओर से स्मृति चिन्ह दिया गया। कार्यक्रम में प्रेम गुप्ता, नीरज गुप्ता, फंटूश, सुभाष मोंगा, जसपाल मालदार, सुरेश मित्तल, राजीव अग्रवाल, डॉ वारसी, गिरीश गुप्ता, राधेश्याम अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, रोहित गर्ग, पुनीत साहनी, आलू फल आढ़ती अध्यक्ष, योगेश शर्मा, सौरभ भट्ट, पवन वर्मा, ऊर्वशी बोरा, शांति जीना, रूपेंद्र नागर, मदन फर्त्याल, सुनील भारद्वाज, इंद्र कुमार भूटियानी, अमरजीत सेठी, प्रदीप सब्बरवाल, हाजी नफीस, केनेडी सचदेवा सहित व्यापारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री हर्ष वर्द्धन पांडे ने किया।

गुरू मां
उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन
SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR
गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू मां
36 महीने तक की EMI उपलब्ध
Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac
Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Easy EMI Options Available
गुरू मां GURU MAA ENTERPRISES
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000
सेल्स एवं सर्विस हेतु कॉल करें - 8791989500, 9927882338